हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

21 फ़रवरी 2025, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश को हर क्षेत्र में ऊर्जावान नेताओं की आवश्यकता है।

  प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की19 वीं किस्त जारी करेंगे।

  हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रावी और ब्यास जल न्यायाधिकरण से 30 जनवरी 1987 को न्यायाधिकरण द्वारा दी गई अपनी रिपोर्ट पर जल्द अंतिम निर्णय लेने को कहा है।

  भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा है कि बीजेपी जल्द नगर निकाय चुनाव के लिए संकल्प पत्र जारी करेगी।

  हरियाणा के 'सुपर 100' कार्यक्रम में नामांकित 10 छात्रों ने जे.ई.ई (मेन्स) 2025 में 99 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए है।

*************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19 वीं किस्त जारी करेंगे। देश भर के दो करोड़ 50 लाख किसान इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।आज नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ----

*इस योजना के अंतर्गत सीधे 6 हजार रूपये तीन किस्तों में किसान के खाते में अंतरित किए जाते हैं और अब तक 3 दशमलव 46 लाख करोड़ रूपया किसानों के खाते में अंतरित किए जा चुके हैं और 19वीं किस्त जारी होते ही 3 लाख 68 हजार करोड़ रूपया किसान के खाते में पहुंचेंगे। दुनिया की सबसे बड़ी डीबीटी की योजना है ये।*

श्री चौहान ने कहा कि इस योजना से छोटे किसानों के जीवन में एक बड़ा बदलाव आया है।
*******************************************************************************
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19 वीं किस्त जारी करेंगे। देश भर के दो करोड़ 50 लाख किसान इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।आज नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ----

*इस योजना के अंतर्गत सीधे 6 हजार रूपये तीन किस्तों में किसान के खाते में अंतरित किए जाते हैं और अब तक 3 दशमलव 46 लाख करोड़ रूपया किसानों के खाते में अंतरित किए जा चुके हैं और 19वीं किस्त जारी होते ही 3 लाख 68 हजार करोड़ रूपया किसान के खाते में पहुंचेंगे। दुनिया की सबसे बड़ी डीबीटी की योजना है ये।*

श्री चौहान ने कहा कि इस योजना से छोटे किसानों के जीवन में एक बड़ा बदलाव आया है।
****************************************************************************
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रावी और ब्यास जल न्यायाधिकरण से, 30 जनवरी 1987 को न्यायाधिकरण द्वारा दी गई अपनी रिपोर्ट पर जल्द से जल्द अंतिम निर्णय लेने को कहा है, ताकि हरियाणा को पानी को न्यायोचित हिस्सा शीघ्र मिल सके।मुख्यमंत्री ने यह बात आज चंडीगढ़ में रावी और ब्यास जल न्यायाधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विनीत सरन, सदस्य न्यायमूर्ति पी. नवीन राव और सुमन श्याम के साथ हुई बैठक में कही।मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें आशा है कि न्यायाधिकरण इस सम्बंध में अवश्य ही विवेकपूर्ण निर्णय लेगा, जिसकी पूरे भारतवर्ष में प्रशंसा होगी।पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा यमुना से पानी की मांग बारे बयान पर मीडिया द्वारा पूछे एक सवाल के जवाब में कहा -

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा के लिए सतलुज यमुना लिंक नहर एक महत्वपूर्ण मुद्दा है और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा हरियाणा के हक में फैसला भी दिया गया है, लेकिन फिर भी अभी तक पंजाब की ओर से हरियाणा को उसके हिस्से का पानी नहीं मिला है।
*****************************************************************************
भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली ने कहा आज जिला जींद के जुलाना में होने वाले नगर पालिका चुनाव में अध्यक्ष के तौर पर चुनाव लड़ रहे संजय जांगड़ा के पक्ष में चुनाव प्रचार किया।मीडिया से बातचीत में श्री बड़ोली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने नगर निकाय चुनाव के लिए संकल्प पत्र तैयार कर लिया है।
उन्होंने कहा -

श्री बड़ोली ने कहा कि आज बहुत से नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के काम से प्रभावित हो कर भारतीय जनता पार्टी में शमिली हो रहे हैं। नगर निकाय चुनाव में बी जी पी उम्मीदवार निर्विरोध चुने जा रहे है।

उन्होंने आज जुलाना में विभिन्न कार्यक्रमों भी शिरकत एक निजी स्कूल में रक्तदान शिविर का भी शुभारंभ भी किया। उन्होने रक्तदान शिविर के आयोजन की प्रशंसा की और कहा कि अब तो अंग दान करने के लिए भी शिविरों का आयोजन होता है जो बहुत ही सराहनीय कार्य है।

****************************************************************************

हरियाणा के राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने कहा कि पानीपत नगर निगम की वार्ड वाइज मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 19 फरवरी को किया गया है। यह सूची पानीपत जिला प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध है। सम्बंधित मतदाता अपना नाम इस मतदाता सूची में देख सकते हैं।

****************************************************************************

हरियाणा के 'सुपर 100' कार्यक्रम में नामांकित 10 छात्रों ने जे.ई.ई (मेन्स) 2025 में 99 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। यह परिणाम हाल ही में घोषित किया गया हैं।एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि शीर्ष 10 छात्रों में दो लड़कियां भी शामिल हैं।

****************************************************************************

फरीदाबाद में 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में थीम स्टेट मध्यप्रदेश की पैवेलियन में स्टाल पर भील कला की झलक हर पर्यटक पर कला की अमिट छाप छोड़ रही है। यह स्टाल हर मेला आगुंतक के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।हरियाणा पर्यटन निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि देश के विभिन्न राज्य सूरजकुंड मेले के माध्यम से अपनी कला संस्कृति को साझा कर रहे हैं।मेला देखने आए एक आगुंतक आलिम बेताब ने आकाशवाणी समाचार को बताया ---

देश विदेश की संस्कृति,कला और हुनर का संगम सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला अपनी विविधता के कारण सब के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

**********************************************************************

हरियाणा के पैरा एथलीटों ने चेन्नई में आयोजित 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक चैंपियनशिप में "चैंपियनशिप ट्रॉफी" जीत ली है।"पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ़ हरियाणा" की अध्यक्ष एवं

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए  कहा है कि हौसलों के आगे कोई भी शारीरिक बाधा आड़े नहीं आती है। एसोसिएशन के महासचिव ज्योति छाबड़ा ने बताया की इस प्रतियोगिता में हरियाणा के 172  खिलाड़ियों की टीम ने हिस्सा लिया था जिनमें से 113 खिलाड़ियों ने 53 स्वर्ण 31 रजत और 29 कांस्य पदक  प्राप्त कर प्रदेश को चैंपियनशिप ट्रॉफी दिलवाई। इनमें पुरुष खिलाड़ियों ने 66  और महिला खिलड़ियों ने 37 पदक जीते हैं।